# षोडश

# बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{16 फाल्गुन, 1941 (श०)}}{\text{06 मार्च, 2020 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या **125**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग .. .. | 27 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग .. .. | 59 |
| (3) | पर्यटन विभाग .. .. | 12 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग .. .. | 22 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग .. .. | 03 |
| (6) | विधि विभाग .. .. | 02 |
| | कुल योग -- | 125 |

निर्माण कराना

*1039. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज एवं भरगामा प्रखंड के 76 हजार से अधिक विद्युत् उपभोक्ताओं को 18 मेगावाट विद्युत् आपूर्ति 132/33 के0 वी0, फारबीसगंज ग्रिड से 33 के0 वी0, रानीगंज लाइन के माध्यम से की जाती है, जिसकी कुल लम्बाई 30 किलो मीटर है, इतनी अधिक लम्बाई होने के कारण ब्रेक डाउन की स्थिति में बाढ़ एवं बरसात के समय पेट्रोलिंग करने एवं लाइन रिस्टोर करने में मुश्किल और काफी समय लगता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रानीगंज में 132/33 के0 वी0 ग्रिड सब-स्टेशन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*1040. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कुढ़नी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रधान लिपिक, चन्द्रभूषण ओझा एवं प्रबंधक, आशीष कुमार का स्थानांतरण मुजफ्फरपुर किया गया है एवं उनके स्थान पर अनमोल कुमार का पदस्थापन किया गया है परन्तु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी द्वारा आजतक अनमोल कुमार को प्रभार नहीं देने के कारण सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल बदलना

*1041. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी शहर में आई0पी0डी0एस0 योजना के तहत सभी जर्जर तार एवं पोल को वर्ष 2017 तक बदला जाना था परन्तु अभीतक जर्जर तार एवं पोल बदलने का काम पूर्ण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजना के तहत मोतिहारी शहर में जर्जर तार एवं पोल को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*1042. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत दिनांक 19 फरवरी, 2019 को सड़क दुर्घटना में मोटर साइकिल पर सवार स्व0 रामबालक सिंह, पिता-रामेश्वर सिंह व स्व0 रामबालक सिंह के पुत्र रजनीश कुमार सिंह, ग्राम-बरवां, थाना-दाउदपुर गंभीर रूप से घायल हो गये थे, बाद में दिनांक 25 फरवरी, 2019 को रामबालक सिंह की मृत्यु हो गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि जाँचोपरान्त थाना प्रभारी, एकमा व अंचलाधिकारी, मांझी अंचल ने इस घटना को प्राकृतिक आपदा माना है तथा प्रावधानित 4 लाख रुपये भुगतान की अनुशंसा की है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान का भुगतान कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान का भुगतान

'क'-*1043. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिलान्तर्गत माँझी प्रखंड के बंगरा ग्राम निवासी मदन सिंह, उम्र 25 वर्ष, पिता-राजनारायण सिंह की मृत्यु दिनांक 19 जुलाई, 2019 को विद्युत् स्पर्शाघात से हो गयी थी, किन्तु आजतक आपदा अनुग्रह अनुदान का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को आपदा अनुग्रह अनुदान का भुगतान शीघ्र करना चाहती, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक 475, दिनांक 14 फरवरी, 2020 द्वारा ऊर्जा विभाग में स्थानांतरित ।

पदस्थापित करना

*1044. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अस्पताल में एक भी एनेसथेसिया विशेषज्ञ की पदस्थापना नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अस्पताल में एनेसथेसिया विशेषज्ञ का पदस्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रान्सफॉर्मर लगाना

*1045. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी अनुमंडल स्थित पावर सब-स्टेशन में 10 एम0भी0ए0 का ट्रॉन्सफॉर्मर कार्य कर रहा है, परन्तु भीषण गर्मी के दिनों में बिजली की खपत अत्यधिक होने के चलते बिजली बरानर ट्रीप करने के कारण बिजली सुचारू रूप से आपूर्ति नहीं हो पाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अत्यधिक लोड को देखते हुये उक्त अनुमंडल स्थित पावर सब-स्टेशन में 10 एम0भी0ए0 का अतिरिक्त ट्रान्सफॉर्मर लगाकर निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावनिरोधक कार्य कराना

*1046. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखंड अन्तर्गत फुलवरिया गाँव के सहनी टोला में जो बूढ़ी गंडक नदी के किनारे अवस्थित है, कई वर्षों से कटाव हो रहा है, जिससे गाँव का अस्तित्व खतरे में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटावनिरोधक कार्य का योजना बनाकर विभाग को समर्पित किया जा चुका है लेकिन अबतक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में अविलम्ब कटावनिरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*1047. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड के जाले रेफरल अस्पताल में ब्लड बैंक बनाने की स्वीकृति मिली हुई है, परन्तु विशेषज्ञ चिकित्सक के अभाव में ब्लड स्टोरेज का कार्य इस रेफरल अस्पताल में प्रारंभ नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कर ब्लड स्टोरेज कार्य को प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल लगाना

*1048. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के कमलदाहा पंचायत अन्तर्गत वार्ड नम्बर 8 डीहा (DIHA) गाँव में आरिफ के घर से जाहिद के घर तक बिजली का पोल एवं तार नहीं रहने के कारण लोगों को बिजली से वंचित रहना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित स्थलों में बिजली का पोल एवं तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार करना

*1049. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कटरा प्रखण्ड के जजुआर अस्पताल में विगत पाँच वर्षों से डॉक्टर का पदस्थापन नहीं किये जाने एवं अस्पताल भवन जर्जर रहने के कारण आमजनता को चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में डॉक्टर का पदस्थापन कराने के साथ-साथ अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन बनाना

*1050. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के चक्की प्रखण्ड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं है तथा स्वास्थ्य केन्द्र प्रखण्ड कार्यालय में संचालित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1051. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दुल्हिनबाजार प्रखंड अन्तर्गत पंचायत सिही में वर्ष 2019 के सुखाड़ से प्रभावित परिवारों को अनुग्रहित अनुदान के लाभुकों की सूची बनाने में भारी अनियमितता की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सूची बनाने वाले कर्मचारियों को चिह्नित लाभुक परिवारों द्वारा बार-बार कहने के बावजूद भी उनको सूची में सम्मिलित ही नहीं किया गया है, जिससे गरीब लाभुकों को उक्त अनुदान की राशि से वंचित रहना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अनुदान की राशि में अनियमितता बरतने वाले दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वंचित परिवारों को सूची में शामिल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुग्रह अनुदान देना

*1052. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन थाना मिर्जाबाग निवासी मनवर आलम, पिता-अजीमुद्दीन की मृत्यु दिनांक 28 जुलाई, 2018 को सामूहिक सड़क दुर्घटना में किशनगंज थाना के बेलवा मदारी टोला के निकट मृत्यु हो गई थी एवं मनवर आलम, पिता-अजीमुद्दीन, ग्राम-मिर्जाबाग घायल हो गये थे, परन्तु अभीतक मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सहायता राशि देना

*1053. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई अनुमंडल के बलरामपुर अंचल में वर्ष 2019 में बाढ़ से प्रभावित 6963 परिवारों का बाढ़ सहायता राशि से संबंधित प्रतिवेदन जिलाधिकारी के आदेशानुसार अंचल अधिकारी, बलरामपुर ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, बलरामपुर के सत्यापन के साथ तथा अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अग्रसारित प्रतिवेदन को उपलब्ध करवाने हेतु आई0 टी0 मैनेजर को उपलब्ध कराया गया था, परन्तु अभीतक बाढ़ पीड़ित परिवारों को सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बाढ़ पीड़ित परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानांतरण करना

*1054. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सदर प्रखंड के सदर अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक 20 वर्ष से पदस्थापित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इनका स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का जीर्णोद्धार

*1055. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत नीमा पंचायत के शिमलापाड़ा का अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भवन का जीर्णोद्धार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र को चालू कराना

*1056. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखण्ड के अबल हसनपुर में चार वर्ष पूर्व उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया गया था जो अबतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*1057. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला (मोतिहारी) के तुरकौलिया प्रखण्ड के जयसिंह पंचायत के रेतवा ग्राम एवं हरसिद्धि प्रखंड के धीवदार पंचायत के ददिनी टोला हरसिद्धि में विद्युतीकरण का कार्य नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर विद्युतीकरण का कार्य करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नया भवन बनाना

*1058. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अन्तर्गत छातापुर प्रखंड स्थित चरनै पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन पूरी तरह ध्वस्त हो गया है, जिसके कारण चिकित्सीय कार्य बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उप-स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाकर चिकित्सीय कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तार बदलना

*1059. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड में मघेली पंचायत, गोविन्दपुर पंचायत के 6 नं० वार्ड में तार जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण कभी भी अनहोनी हो सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्ड के जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति कराना

*1060. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ व्यवहार न्यायालय में तेरह (13) सत्र न्यायाधीश कार्यरत हैं और अपर लोक अभियोजक का 39 पद निर्धारित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ व्यवहार न्यायालय में अपर लोक अभियोजक के पद पर वर्तमान में अधिवक्ता वर्ग से केवल 07 कार्यरत हैं एवं अभियोजन पदाधिकारी वर्ग से केवल 04 को लोक अभियोजक बनाया गया है शेष पद रिक्त है जिससे माननीय न्यायालय के समक्ष सरकारी पक्ष रखने तथा मुकदमा के त्वरित निष्पादन करने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो पूर्णियाँ व्यवहार न्यायालय में लोक अभियोजक के रिक्त पद पर शीघ्र नियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1061. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड में स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र सढ़ैल का अपना भवन नहीं है जिसके कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू कराना

*1062. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सदर अस्पताल औरंगाबाद में लगभग 34 माह से ICU बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ICU को चालू नहीं होने से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित ICU को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्लांट लगाना

*1063. प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा निर्बाध बिजली उत्पादन से संबंधित सौर ऊर्जा प्लांट लगाने का निर्णय वर्ष 2016 में लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला में अभीतक एक स्थान पर भी सौर ऊर्जा प्लांट नहीं लगाया गया है, जबकि गड़हनी प्रखंड अन्तर्गत उप-पंचायत के ग्राम-देवढ़ी में प्रचूर मात्रा में सरकारी भूमि भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थल सौर ऊर्जा प्लांट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1064. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड के अजगरी ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है परन्तु प्रत्येक वर्ष भयंकर बाढ़ आ जाने के कारण आस-पास के सभी ग्रामों का सम्पर्क उक्त स्वास्थ्य केन्द्र से टूट जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्राम जनेरवा एवं बुद्वा के बीच नया अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1065. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के ग्राम मुल्ली कन्हौली में 2 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रोगियों की संख्या अधिक होने के कारण रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त खाली पड़े सरकारी भूमि पर स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चेक का भुगतान करना

*1066. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखंड के पोसवो-पटनीया पंचायत अन्तर्गत ग्राम-खैरवा, वार्ड नं० 03 के श्री इन्द्रजीत पासवान की पुत्री चान्सी कुमारी की पोखर में डूबने के कारण दिनांक 19 जुलाई, 2019 को मृत्यु हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि रीगा प्रखंड के अंचलाधिकारी द्वारा मृतक के पिता-इन्द्रजीत पासवान को आपदा प्रबंधन के तहत दिनांक 19 जुलाई, 2019 को चार लाख का एस० बी० आई० का चेक सं० 685494 प्रदान किया जिसे बैंक में भुगतान के लिये प्रस्तुत करने पर खाता में पैसा नहीं रहने के कारण दिनांक 18 फरवरी, 2020 तक उक्त चेक का भुगतान नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के रीगा प्रखंड के अंचलाधिकारी को निदेशित करते हुये उपर्युक्त चेक सं० 685494 का भुगतान शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि देना

*1067. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के हरसिद्धि प्रखंड के हरसिद्धि पंचायत के मादा के पठान पट्टी के श्री ओम प्रकाश साह, पिता-जगन्नाथ साह एवं राम बाबू साह, पिता-चारा साह की मृत्यु दिनांक 21 नवम्बर, 2019 को सड़क दुर्घटना में हो गयी थी, परन्तु अभीतक मृतक के आश्रितों को अनुदान राशि नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को अनुदान राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य सेवा बहाल कराना

*1068. श्री (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा प्रखंड के गंगहर पंचायत के पैठानपुर गाँव में उप स्वास्थ्य केन्द्र लगभग 20 वर्षों से बना हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-स्वास्थ्य केन्द्र पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जहाँ न तो डॉक्टर रहते हैं न नर्स रहती हैं और न दवा की व्यवस्था है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पैठानपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार कर स्वास्थ्य सेवा बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जागरूक करना

*1069. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नौतन एवं बैरिया समेत सभी पी० एच० सी० एवं उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर सास, बहू एवं बेटी सम्मेलन 14 जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2020 तक आयोजित कर परिवार नियोजन, मिशन परिवार विकास अभियान, स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ के संबंध में जानकारी देने का निर्देश सरकार ने दिया था, परन्तु नौतन एवं बैरिया प्रखंड के किसी भी स्वास्थ्य केन्द्रों पर उक्त अवधि में सम्मेलन का आयोजन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नौतन एवं बैरिया प्रखंड के स्वास्थ्य केन्द्रों पर मिशन परिवार अभियान का विशेष शिविर लगाकर लोगों को जागरूक करने का कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मशीन लगाना

*1070. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड, छौड़ादानों प्रखंड एवं बनकटवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है, परन्तु स्वास्थ्य केन्द्रों पर अल्ट्रासाउंड एवं ए-क्सरे मशीन नहीं रहने के कारण मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अल्ट्रासाउंड एवं ए-क्सरे मशीन लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ग्रिड का निर्माण

*1071. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के जगदीशपुर प्रखंड में विद्युत् पावर ग्रिड का निर्माण 3 वर्षों से किया जा रहा है, लेकिन अभीतक कार्य पूरा नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पावर ग्रिड का शीघ्र निर्माण कर विद्युत् आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*1072. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के रतनपुर में आयुर्वेद अस्पताल वर्ष 1937 से बनकर तैयार है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आयुर्वेद अस्पताल में कोई डॉक्टर या स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आयुर्वेद अस्पताल को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थापना कराना

*1073. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय की स्थापना हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 में स्वीकृति प्रदान की गयी थी, परन्तु सरकारी जमीन अनुपलब्ध रहने के कारण अभीतक व्यवहार न्यायालय का भवन निर्माण नहीं हो सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि तारापुर अनुमंडल मुख्यालय से 500 मीटर की दूरी पर 6 एकड़ रैयती भूमि सोनडीहा मौजा में उपलब्ध है, जिसका भू-अर्जन संबंधी प्रक्रिया जिलाधिकारी, मुंगेर के स्तर पर लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित भूमि का भू-अर्जन कराकर उक्त व्यवहार न्यायालय की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1074. श्री रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड के रेफरल अस्पताल, लक्ष्मीपुर में परिचालिका द्वारा प्रसव के समय अवैध रूप से राशि की वसूली के संबंध में सिविल सर्जन, जमुई प्रखंड, स्वास्थ्य प्रबंधक रेफरल अस्पताल, लक्ष्मीपुर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, लक्ष्मीपुर एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त जाँच में परिचारिका श्रेणी ए० को दोषी पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दोषी परिचारिका पर कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा देना

*1075. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड कोचस के चन्देश्वर शर्मा, पिता-राम सिंगासन शर्मा, ग्राम-कपसियाँ का दिनांक 16 फरवरी, 2019 एवं रोहित शर्मा, ग्राम-सेलास का दिनांक 24 जून, 2019 को विद्युत् स्पर्शाघात से मृत्यु हो गयी थी, परन्तु मृतक के आश्रितों को अभीतक मुआवजा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि का भुगतान

*1076. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के नौबतपुर प्रखंड स्थित पंचायत देवरा, ग्राम-बकुआँ के श्री अजय कुमार पिता-श्री उजय वर्मा एवं श्री धर्मेन्द्र कुमार, पिता-श्री चाँद बाबू वर्मा की दिनांक 2 जनवरी, 2019 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी, जिसका सत्यापन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, नौबतपुर द्वारा किया गया था, परन्तु मृतक के आश्रितों को अभीतक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित मृतक के आश्रितों को मुआवजा राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पर्यटन स्थल विकसित करना

*1077. श्री राजीव कुमार उर्फ मुना यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखंड में एक प्राचीन मंदिर भष्मी देवी (माता जी की मंदिर) अवस्थित है, जहाँ हर वर्ष नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर भव्य मेला लगता है जिसमें लाखों श्रद्धालु उपस्थित होते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्वास्थ्य केन्द्र चालू कराना

*1078. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा प्रखंड के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, सिझौड़ी, पोहे एवं मिर्चा विगत 15 वर्षों से बंद है जिसके कारण उक्त इलाके के लोगों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्रों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुनः नियुक्त करना

*1079. डॉ० अशोक कुमार (139)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी/सहायक निदेशक एवं कनीय सांख्यिकी सहायक की नियुक्ति वर्ष 2011 में संविदा के आधार पर की गयी थी, जिसे बिना किसी कारणवश वर्ष 2013 में कार्यमुक्त करने से ये लोग भुखमरी के कगार पर आ गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 में उच्चस्तरीय समिति द्वारा अनुशंसा किया गया है कि जबतक नियमित नियुक्ति नहीं होती है तबतक उक्त कर्मीगण पूर्व की भाँति काम करते रहेंगे;

(3) क्या यह बात सही है कि योजना एवं विकास विभाग छोड़कर सारे विभाग उक्त अनुशंसा का अनुपालन कर रहे हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कंडिका (1) में वर्णित पदों पर पूर्व में कार्यरत कर्मचारियों को नियमानुसार पुनः नियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापना करना

*1080. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास एवं कैमूर जिला की आबादी चालीस लाख है दोनों जिला के लोगों को सामान्य या असाध्य रोग होने पर इलाज के लिये उत्तर प्रदेश जाना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2016 में प्रत्येक जिला में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा की गयी थी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैमूर जिला के भभुआ मुख्यालय एवं रोहतास जिला के चेनारी प्रखण्ड में मेडिकल कॉलेज का स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नया भवन का निर्माण

*1081. श्री रमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के पैतृक गाँव जिरादेई, जिला-सीवान में उनकी धर्मपत्नी के नाम पर स्थापित आयुर्वेदिक चिकित्सालय का भवन अत्यन्त जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार चिकित्सालय का नया भवन कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1082. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखण्ड के बथना पंचायत में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण के लिये 4 कट्ठा जमीन 5 वर्ष पूर्व उपलब्ध होने के बाद भी आजतक भवन का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण मरीजों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केबल वायर लगाना

*1083. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड मुशहरी के ग्राम पंचायत मणिका हरिकेश से नवादा चौक तक 11 हजार वोल्ट का खुला विद्युत् तार गुजरता है जिससे हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार खुला विद्युत् तार की जगह केबल वायर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

घेराबंदी करना

*1084. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत रतनीफरीदपुर प्रखंड के पंचायत नारायणपुर के घेजन में भगवान बुद्ध की 7 फीट ऊँची आदमकद की प्राचीन मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुँचाया गया है एवं उसके अधीन जमीन का अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल को अतिक्रमण से मुक्त कर घेराबंदी करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुबंध अवधि का लाभ प्रदान कराना

*1085. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग के पत्रांक-5376, दिनांक 27 मई, 2013 द्वारा एसीपी योजना, 2010 में संशोधन कर नियमित नियुक्ति के पूर्व तदर्थ रूप से की गई सेवा की गणना करते हुये वित्तीय उन्नयन का लाभ देने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग के पत्रांक-6167, दिनांक 27 जून, 2016 द्वारा अनुबंध तदर्थ रूप से नियुक्ति की अवधि को 2008-09 से एसीपी/एमएसीपी में जोड़ने का आदेश निर्गत किया गया है, परंतु अनुबंध की अवधि की गणना नियमित नियुक्त चिकित्सकों को डी०ए०सी०पी० देने में कार्रवाई नहीं की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक राज्य के चिकित्सकों को अनुबंध अवधि जोड़कर डी०ए०सी०पी० का लाभ प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अस्पताल चालू कराना

*1086. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला रोहतास अन्तर्गत प्रखण्ड-काराकाट, ग्राम-दनवार में 10 कमरे का स्वास्थ्य उप-केन्द्र का नया निर्माण कराया गया है, परन्तु चिकित्सक एवं चिकित्सा संसाधन उपलब्ध नहीं रहने के कारण मरीजों को इलाज कराने हेतु अन्यत्र अस्पतालों में अधिक दूरी तय कर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सक एवं चिकित्सा संसाधन उपलब्ध कराकर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*1087. श्री (मो०) कमरूल होदा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखण्ड मुख्यालय में अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विगत दस वर्षों से कोई भी स्त्री रोग चिकित्सक पदस्थापित नहीं है, जिसके कारण महिला मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1088. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज के सोहायपुर ग्राम-हथुआ के निवासी जीतेन्द्र कुमार राय को दिनांक 2 अगस्त, 2017 के प्रात: सर्प के काट लेने पर अनुमंडलीय अस्पताल, हथुआ में एन्टी वेनम दवा रहने के बावजूद चिकित्सक द्वारा मरीज का ससमय इलाज नहीं कर सदर अस्पताल, गोपालगंज भेज दिया गया, जहाँ उसकी मृत्यु हो गयी, यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर अनुमंडलीय अस्पताल, हथुआ में पदस्थापित चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1089. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला मुख्यालय स्थित सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर दार्शनिक स्थल है, जहाँ पर श्रद्धालुओं के विश्राम हेतु भवन एवं डिलक्स शौचालय की व्यवस्था नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि डिलक्स शौचालय की व्यवस्था नहीं रहने के कारण यहाँ पहुँचने वाले श्रद्धालु खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त परिसर में डिलक्स शौचालय एवं विश्रामगृह का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुनर्वासित करना

*1090. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के अररिया बस्ती पंचायत के माँगया गाँव के 5(पाँच) लोगों का घर वर्ष 2017 में आयी प्रलयंकारी बाढ़ में नदी में विलीन हो गया था, परन्तु अभीतक पीड़ित परिवारों को पुनर्वासित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त पीड़ित परिवारों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

मुआवजा राशि देना

*1091. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला कि सोनबरसा प्रखण्ड अन्तर्गत इन्दरवा पंचायत के नरकटिया ग्राम में दिनांक 11 मई, 2016 को पानी में डूबने से राजेन्द्र राय की मृत्यु हो गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि रोजेन्द्र राय की मृत्यु का यू0 डी0 केस संख्या UD-02/16 है, एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण पानी में डूबने से बतलाया गया है, फिर भी स्थानीय कर्मचारी के उदासीनता के कारण स्व0 राजेन्द्र राय के आश्रित को सरकार से मिलने वाली राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व0 राजेन्द्र राय के आश्रित को मुआवजा की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*1092. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद सदर अस्पताल, जहानाबाद का भवन अत्यंत जर्जर है, साथ ही भवन निर्माण हेतु राशि आवंटित कर दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल का स्थानांतरण दूसरे भवन में नहीं होने के कारण निर्माण कार्य बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदर अस्पताल को किसी अन्य भवन में स्थानांतरित कर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सुविधा उपलब्ध कराना

*1093. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के एकतारा (ककोलत) गाँव में ठंढ़े पानी का झरना है जहाँ गर्मी में झारखण्ड राज्य एवं बिहार राज्य के निकटवर्ती जिलों से लाखों सैलानी स्नान करने एवं पिकनिक मनाने आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल में पर्यटकीय सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण आने वाले सैलानियों को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भूमि उपलब्ध कराना

*1094. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, मधुबनी को बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग के ज्ञापांक 10/प्रा0वि0स0 13131/2019-553(10) स्वा0, पटना, दिनांक 25 जुलाई, 2019 के द्वारा मधेपुर प्रखंड अन्तर्गत गढ़गाँव पंचायत के भवानीपुर में स्वास्थ्य उप-केन्द्र हेतु भूमि उपलब्ध कराकर भवन निर्माण हेतु निदेशित किया गया था, परन्तु आजतक भूमि उपलब्ध नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्वास्थ्य उप-केन्द्र हेतु भूमि उपलब्ध कराकर भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चहारदीवारी का निर्माण

*1095. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, कठौर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण लगातार बाढ़ आने से स्वास्थ्य केन्द्र काफी जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युत् आपूर्ति करना

*1096. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखण्ड के चिलहनियाँ के वार्ड नं0 15 बिहार टोला, महादलित टोला में कुल 1000 महादलितों की संख्या है जिसमें विद्युतीकरण हेतु 6 माह पूर्व पोल गाड़कर छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त महादलित टोलों में बिजली की तार एवं ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युत की आपूर्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सुविधा देना

*1097. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दुल्हिनबाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन छोटा एवं सुविधाओं का अभाव रहने के कारण आम मरीजों को स्वास्थ्य लाभ में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दुल्हिनबाजार प्रखंड में प्रस्तावित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने एवं मानक के अनुसार सुविधा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुनर्वासित करना

*1098. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत बरारी, कुर्सेला एवं समेली अंचल के हजारों परिवार गंगा, कोसी एवं बरडी नदी के कटाव के कारण विगत 25-30 वर्षों से विस्थापित होकर बाँधों एवं सड़कों के किनारे झुग्गी-झोपड़ी में गुजर बसर करने को विवश हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा संबंधित अंचलाधिकारियों से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु मई, 2016, जुलाई, 2017, दिसम्बर, 2018 एवं अगस्त, 2019 में अनुरोध किये जाने के बावजूद कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अंचलों के विस्थापितों को पुनर्वासित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति करना

*1099. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाच्छ प्रखण्ड के मटियारी पंचायत के वार्ड नं० 1, 2 एवं 3 गरीटोली, बैसा टोली में कृषि कार्य हेतु विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में तार, पोल एवं ट्रांसफॉर्मर लगाकर कृषि हेतु विद्युत् की आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बहाल कराना

*1100. श्री (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा सदर अस्पताल में आउट सोर्सिंग से कार्य कराने वाली एजेंसी का समय-सीमा समाप्त हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अस्पताल में आउट सोर्सिंग की व्यवस्था बहाल कर कार्य को सुचारू रूप से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1101. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इसलामपुर प्रखण्ड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खोदागंज की स्वीकृति वर्ष 2017 में दी गयी थी, परन्तु दो वर्ष बीत जाने के बाद तथा जमीन उपलब्ध होने के बावजूद भी भवन निर्माण हेतु अभीतक निविदा नहीं निकाला गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधा उपलब्ध कराना

*1102. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड अन्तर्गत गड़हनी में बाबा भोलेनाथ का प्राचीन शिव मंदिर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शिव मंदिर पर अगल-बगल के ग्रामीण जनता के अलावे और कई स्थानों से भी मन्नत के चलते श्रद्धालुगण प्रतिदिन हजारों की संख्या में आते हैं, परन्तु ठहरने की व्यवस्था नहीं रहने के कारण काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

औचित्य बताना

*1103. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में सोलर मेगा प्रोजेक्ट लगाने हेतु 4 वर्ष पूर्व में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया था, यदि हाँ, तो उक्त जिला में अबतक सोलर मेगा प्रोजेक्ट लगाने की दिशा में कार्य प्रगति नहीं होने का क्या औचित्य है ?

निर्माण कराना

*1104. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी पावर सब-स्टेशन में कन्ट्रोल रूम का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है, जिसके कारण फिडर संचालन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन में कन्ट्रोल रूम का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुरक्षा प्रदान करना

*1105. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के किसनपुर प्रखण्डान्तर्गत दोनों कोसी तटबंध के मध्य अवस्थित परसामाधों एवं नौआबाखर पंचायतों में बैसे लोगों का प्रतिवर्ष कोसी नदी के बाढ़ से भारी तबाही का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार को प्रतिवर्ष बाढ़ सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं अन्य सहायता के लिये लाखों की राशि व्यय करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गाईड बाँध दोनों पंचायत के निवासी के जान-माल की सुरक्षा प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1106. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड अन्तर्गत सलैया फीडर एवं तेतरिया फीडर का रिकन्डकटिंग एवं कृषि फीडर का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है तथा ट्रांसफॉर्मर भी कृषि फीडर हेतु नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित फीडर में रिकन्डकटिंग कार्य को गति देने एवं कृषि ट्रांसफॉर्मर कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पोल लगाना

*1107. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत कोशकापुर उत्तर वार्ड नं० 1 में खरसाही वितरणी नहर के तट पर महादलित समुदाय टोला के 200 परिवार घर बनाकर रह रहे हैं, जहाँ उनलोगों के घर के ऊपर से 11,000 वोल्ट का तार गुजरता है, वहाँ कई बार बिजली का तार गिरने से आग भी लग चुकी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्ड के महादलित समुदाय के परिवारों के घरों के ऊपर से गुजरने वाली 11,000 वोल्ट वाले तार और पोल को टोला से दूर हटाकर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अतिक्रमण मुक्त करना

*1108. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर प्रखण्ड के नागरवस्ती, सतमलपुर तथा मोहिउद्दीपुर चौक के पास स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र की जमीन को स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार स्वास्थ्य केन्द्र को जमीन के अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कीट उपलब्ध कराना

*1109. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नौतन एवं बैरिया में प्रसव पूर्व गर्भवती महिलाओं का एचआईवी जाँच कीट के आभाव में मई, 2019 से बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एचआईवी की जाँच कीट उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

राशि का भुगतान

*1110. डॉ० रामानन्द यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा प्रखण्ड में 15 ग्राम पंचायत हैं, जिसमें 14 ग्राम पंचायत को बाढ़ प्रभावित घोषित किया गया था, जिसमें 12 ग्राम पंचायत के लोगों को बाढ़ राहत के तहत राशि मिली है, परंतु ग्राम पंचायत मोमिन्दपुर एवं ग्राम पंचायत मानसींगपुर के लोगों को अभीतक बाढ़ राहत की राशि नहीं मिली है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों ग्राम पंचायतों के लोगों को बाढ़ राहत की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पद को भरना

*1111. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सहायक मातृका (असिस्टेंट मेट्रन) के दो पद एवं मातृका (मेट्रन) का एक पद विगत आठ वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थाई रूप से मातृका एवं सहायक मातृका के पद को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1112. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017-18 में गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखण्ड अन्तर्गत जलालपुर पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव द्वारा अंचलाधिकारी से मिलकर व्यापक पैमाने पर बाढ़ राहत वितरण में धांधली और अनियमितता की गयी है, इस संबंध में की गयी अनियमितता को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा भी दिनांक 27 नवम्बर, 2017 के जाँच आदेश में सत्य पाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा उक्त मामले की जाँच हेतु त्रिसदस्यीय कमिटी भी बनाई थी, जिसने अबतक जाँच नहीं की है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामले की जाँच शीघ्र कराकर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

राशि का भुगतान

*1113. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चकिया अंचल के ग्राम-हिन्दू चकिया के वार्ड नं० 12 के कृशु कुमार, पिता-श्री सरजीवन रजक का दिनांक 10 नवम्बर, 2019 को सरयुग मठ पोखर में डूबने के कारण मृत्यु हो गयी है, जिसका चकिया थाना में थाना कांड सं० 19/2019, दिनांक 10 नवम्बर, 2019 दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, चकिया, पूर्वी चम्पारण के पत्रांक 1728, दिनांक 18 दिसम्बर, 2019 द्वारा अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन प्रशाखा, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को पत्र लिखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कृशु के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बहाल करना

*1114. श्री कमरूल होदा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला सदर अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिये 8 लाख रुपया की लागत से दो वर्ष पूर्व अल्ट्रासाउण्ड मशीन लगायी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, किशनगंज प्रशिक्षित चिकित्सक नहीं रहने के कारण मरीजों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे गरीब मरीज रुपया देकर प्राईवेट अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर में अल्ट्रासाउण्ड कराने पर विवश हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किशनगंज सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउण्ड के लिये प्रशिक्षित चिकित्सक बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्थापित करना

*1115. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के मुरलीगंज प्रखंड के रजनी पंचायत के मरीजों को 12 (बारह) कि०मी० की दूरी तय करके प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है, जिसके कारण गंभीर रूप से बीमार रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रजनी पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पोल बदलने का विचार

*1116. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत महादेवपट्टी पंचायत के बेला खाप एवं सुनिहारा पंचायत के बाड़ा गाँव में बिजली का तार एवं पोल जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में जर्जर तार एवं पोल बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि का भुगतान

*1117. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के कदमगाछी निवासी मो० सबहान, पिता-अमेरूल हसन जो 29 जून, 2018 को सामूहिक सड़क दुर्घटना में जख्मी होने के कारण इलाज के क्रम में 30 जून, 2018 को मृत्यु हो गयी थी एवं निसार अहमद, पिता-नसीम अख्तर घायल हो गये थे, परन्तु अभीतक मृतक के आश्रितों को अनुग्रह राशि का भुगतान नहीं किया गया, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को अनुग्रह राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चिकित्सक की नियमित उपस्थिति

*1118. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पटेढ़ी, बेलसर प्रखण्ड के प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र, सिहमा कंठ में चिकित्सक एवं ए० एन० एम० का नियमित रूप से नहीं रहने के कारण वहाँ के आम लोगों को इलाज कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में कबतक चिकित्सक या ए० एन० एम० की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रमाण-पत्र दिलाना

*1119. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिले के बड़हड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-लाला के टोला (पंडितपुर) में भुअर यादव के घर से अघर बाबा तक (छितनी के बाग तक) विधायक निधि से पी० सी० ढलाई कार्य अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं देने के कारण कार्य बाधित है, जबकि जिला परिषद् की जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पी० सी० ढलाई हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनियुक्ति करना

*1120. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड में राजापुर पंचायत के राजापुर ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 2010 से ही बनकर तैयार है, परन्तु स्वास्थ्य केन्द्र में आजतक डॉक्टर और नर्स की प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर और नर्स की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव को रोकना

*1121. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखंड अन्तर्गत कोदरिया, पानापुर चक्की, बजरमुड़िया, हरसेर, जामीन मठिया, रघई, चाँदपाना, डुमरिया गाँव बूढ़ी गंडक नदी के किनारे बसा हुआ है, जो नदी के कटाव के कारण विलिन होने की कगार पर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों को कटाव से रोकने के लिये कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा उपलब्ध कराना

*1122. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखंड के धमौन उत्तरी पंचायत में "बाबा निरंजन् स्थान" के ऐतिहासिक मंदिर के दर्शन हेतु प्रत्येक वर्ष लाखों-लाख की संख्या में श्रद्धालु के रूप में पर्यटक आते हैं एवं पूजा-अर्चना करते हैं परन्तु मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं होने कारण श्रद्धालुओं को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा देना

*1123. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के कुन्दह पंचायत के ग्राम-बलिया सिमर के विनोद सादा, पिता-स्व० धनराज सादा का दिनांक 31 अक्टूबर, 2018 को जिला मुख्यालय जाने के क्रम में ट्रैक्टर पलट जाने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी थी तथा श्री लम्बू सादा पिता-लालो सादा भी उक्त घटना में गंभीर रूप से घयल हो गये थे परन्तु अभीतक मृतक के आश्रितों को एवं घायलों को मुआवजा राशि नहीं दिया गया है, यदि हाँ तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को सरकारी मुआवजा तथा घायल को सरकारी मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*1124. श्रीमती रींकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत रामपुर एवं भभुआ प्रखंडों में कृषि कार्य हेतु विद्युतीकरण अभीतक नहीं किया गया है, जबकि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा विद्युतीकरण हेतु पूर्व ही किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में कृषि कार्य हेतु विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1125. श्री नीरज कुमार (68)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत कुर्सेला में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनविहीन होने के कारण चिकित्सीयकर्मियों सहित मरीजों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या उक्त केन्द्र के लिये भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार करना

*1126. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर में स्थित लोक नायक जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल विगत 5 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*1127. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नगर प्रखंड चंदौती में अवस्थित प्रेतशिला एक पर्यटक एवं ऐतिहासिक स्थान है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित स्थल पर वर्ष 1990 ई० में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन, लगभग 2.5 लाख रु० की लागत से बनकर तैयार है परन्तु आजतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र को चालू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र में पद का सृजन कर चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सक का पदस्थापन

*1128. श्रीमती रींकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत रामपुर प्रखंड के नौहट्टा एवं ठकुरहत में स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र पर डॉक्टर पदस्थापित नहीं रहने के कारण मरीजों को दस किलो मीटर की दूरी तयकर चेनारी या रामपुर स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्वास्थ्य उप-केन्द्रों पर डॉक्टर पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*1129. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ नगर निगम क्षेत्र के मधुबनी नहर के पास शक्ति नगर/शास्त्रीनगर के पीछे आवासित मुहल्ला एवं पूर्णियाँ कॉलेज तालाब के पीछे विद्यापति नगर में विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर पोल, तार ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराकर विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

*1130. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर प्रखण्ड के बाकरपुर में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में कोई डॉक्टर नहीं है, जिसके कारण चिकित्सीय कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बाकरपुर स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आउटलेट निर्माण

*1131. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के कटोरिया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बौंसी प्रखंड के पापहरणी में तालाब अवस्थित है, जहाँ प्रत्येक वर्ष मन्दार महोत्सव का आयोजन किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तालाब की साफ-सफाई, आउटलेट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण नहीं होने के कारण मन्दार महोत्सव में आये हुये जनता को काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तालाब का जीर्णोद्धार कराते हुये आउटलेट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चेक का भुगतान करना

*1132. श्री अमीत कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखंड के पोसवा, पटनीया पंचायत अन्तर्गत ग्राम-खैरवा, वार्ड नं० 3 के श्री अशोक बैठा की पुत्री रोमा कुमारी की पोखर में डूबने के कारण दिनांक 19 जुलाई, 2019 को मृत्यु हो गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि रीगा प्रखंड के अंचलाधिकारी द्वारा मृतक के पिता अशोक बैठा को आपदा प्रबंधन के तहत दिनांक 19 जुलाई, 2019 को चार लाख का एस०बी०आई० का चेक सं० 685493 प्रदान किया, जिसे बैंक में भुगतान के लिये प्रस्तुत करने पर खाता में पैसा नहीं रहने के कारण दिनांक 18 फरवरी, 2020 तक भुगतान नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के रीगा प्रखंड के अंचलाधिकारी को निदेशित करते हुये उपर्युक्त चेक सं० 685493 का भुगतान शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*1133. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड सकरा के कटेसर पंचायत के लोहरगामा ग्राम में बाबा कारिख महाराज का बहुत ही पुराना मंदिर अवस्थित है, जिसमें जिले के लोग पूजा-अर्चना करने आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*1134. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनों प्रखण्ड के बरमोरिया गाँव के दक्षिण पहाड़ पर खंडों राज मंदिर प्राकृतिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है, जिसका दर्शन प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग करते हैं परन्तु आधारभूत संरचना नहीं रहने के कारण लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति कराना

*1135. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखण्ड अन्तर्गत विनोदपुर पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र 2017 से ही बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र बंद है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति कर मरीजों का इलाज शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1136. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी प्रखंड अंतर्गत मऊ पंचायत के ग्राम मऊ में एक एकड़ भूमि में दो कमरा का अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र (छ: बेडयुक्त) सन् 1927 ई० में निर्माण किया गया था जिससे जलालपुर, डिहुरा श्रीगाँव, मऊ, संडा, केर, गराड़ी, सात पंचायतों के आम जनता लाभान्वित होते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र जो अभी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है एवं लगभग आधे एकड़ भूमि पर अतिक्रमण है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित जीर्ण-शीर्ण पड़े अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का नया भवन बनवाने एवं अतिक्रमण हटाने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*1137. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोचस के सुरेश चौहान, पिता-श्री भगवान चौहान, ग्राम-अमैसी, डिहरा का दिनांक 3 जनवरी, 2009 पप्पु कुमार, पिता-जगनारायण सिंह, ग्राम-भगीरथा का दिनांक 22 अगस्त, 2019 एवं मंजू देवी, पति-श्री शिवमुनि पासी, ग्राम-भगतगंज की दिनांक 5 अगस्त, 2019 को विद्युत् स्पर्शाघात से मृत्यु हो गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त मृतक के आश्रितों को अभीतक मुआवजा नहीं मिला है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*1138. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के काशीचक प्रखण्ड अंतर्गत पार्वती पहाड़ी एवं ऐतिहासिक गाँव अपसढ़ राजगीर से 30 कि०मी० पूरब स्टेट हाईवे पर अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि अपसढ़ गाँव में 100 एकड़ का एक तालाब स्थित है, जिसे देखने हजारों पर्यटक आते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पार्वती पहाड़ी एवं अपसढ़ गाँव में स्थित तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पॉवर स्टेशन बनाना

*1139. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड में बड़ेम पॉवर-सब-स्टेशन से रजबरिया कला, गोगो सहित अन्य गाँवों में विद्युत् आपूर्ति की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों का बड़ेम पॉवर-स्टेशन से लंबी दूरी होने के कारण विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नाउर में उपलब्ध सरकारी जमीन पर पॉवर स्टेशन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजे की राशि देना

*1140. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम-तुहियाँ के आशिष यादव, पिता-मंतोष यादव की मृत्यु दिनांक 12 मार्च, 2018 को भागर नदी में डूबने से हो गयी थी, परन्तु अभीतक मृतक के आश्रित को मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतक के आश्रित को मुआवजे की राशि अभीतक उपलब्ध नहीं कराने और विलंब करने का क्या औचित्य है ?

------------

उत्क्रमित करना

*1141. डॉ0 रंजु गीता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, बसहा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने की सभी शर्तों को पूरा करने के बावजूद उत्क्रमित नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य उप-केन्द्र, बसहा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पड़ता है । बाढ़ के दिनों में खासकर महिलाएँ एवं बुजुर्गों को चिकित्सीय सुविधाएँ प्राप्त करने के लिए काफी कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बसहा स्वास्थ्य उप-केन्द्र को 6 शय्या वाले स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1142. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत कैमूर पहाड़ी पर एल0 एण्ड टी0 कम्पनी द्वारा 225 गाँवों के आदिवासियों-वनवासियों के घरों में एक सौ तीस करोड़ की लागत से सोलर प्लांट द्वारा विद्युतीकरण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों के लोगों के घरों में किये गये विद्युतीकरण के अन्तर्गत ट्यूब लाईट, बल्ब और पंखा प्रत्येक घर को दिया गया था, ये सभी सामान सस्ता और निम्न स्तर का होने के कारण खराब हो चुका है जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराते हुए एल0 एण्ड टी0 कम्पनी पर कार्रवाई करते हुए ग्रिड की स्थापना कर स्थाई बिजली देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सेवा बहाल करना

*1143. डॉ0 रंजु गीता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के नानपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज गौरी में 1928 में तिब्बत सफा दवाखाना का निर्माण कराया गया था, जिसमें स्वास्थ्य कर्मी भी बहाल थे;

(2) क्या यह बात सही है कि तिब्बत सफा दवाखाना का भवन विगत 3 वर्षों से ध्वस्त होने के कारण मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाकर स्वास्थ्य सेवा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का इस्तेमाल

*1144. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के ग्राम-रामपुर नहर मोड़ पर पर्यटन विभाग ने आलिशान भवन का निर्माण 10 वर्ष पूर्व में कराया था, किन्तु अबतक इसका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भवन का इस्तेमाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चालू करना

*1145. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड काराकाट (गोड़ारी) के ग्राम-सकला में विद्युत् ग्रिड का निर्माण कराया गया है जिसका उद्घाटन दिनांक 4 मई, 2018 को माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि इस ग्रिड से विद्युत सप्लाई अभीतक प्रारंभ नहीं किया गया है, जिसके कारण इस क्षेत्र के उपभोक्ता लो वोल्टेज से परेशान रहते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रिड को चालू कर विद्युत् सप्लाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*1146. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा प्रखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रोगियों की संख्या अधिक होने के कारण रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित करते हुए रेफरल स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

तार लगाना

*1147. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत बाघमारा पंचायत के वार्ड संख्या 5, 7, 9, 10 में विद्युत् तार जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ नया तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*1148. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डण्डखोरा प्रखंड के द्राशय में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार द्राशय में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आपूर्ति करना

*1149. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुंड का सजौर एवं रतनगंज अस्पताल एक आयुष चिकित्सक के भरोसे चलता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र घनी आबादी वाला सुदूर ग्रामीण इलाके में है और विशेषज्ञ चिकित्सक एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता के अभाव में गरीब मरीज स्वास्थ्य सुविधा से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों और आवश्यक दवाओं की आपूर्ति कबतक सुनिश्चित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कनेक्शन देना

*1150. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहां प्रखंड में कृषि फीडर से किसानों को विद्युत् कनेक्शन दिया गया था, परन्तु अल्प समयावधि के कारण कुछ किसान विद्युत् कनेक्शन हेतु आवेदन नहीं कर पाये, यदि हाँ, तो सरकार शेष बचे किसानों को कृषि फीडर से विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विकसित करना

*1151. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई प्रखण्ड में अवस्थित भैरो स्थान मंदिर में दूर-दूर से आकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पूजा-अर्चना करने आते हैं, परन्तु मंदिर का समुचित विकास नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मंदिर को कबतक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1152. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री विकास योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पीपरा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बारा, मानिकपुर एवं अन्य उच्च विद्यालयों में जीम सेट आपूर्ति हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य के अनुशंसा पर निविदा दिनांक 14 फरवरी, 2019 को निकाला गया था एवं प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी, तत्पश्चात् जीम सेट प्राप्ति का जाँचोपरान्त विपत्र भेजने तथा विपत्र भुगतान करने का आदेश दिनांक 20 जुलाई, 2019 को दिये जाने के बाद उक्त आपूर्ति को मार्गदर्शिका के अनुकूल नहीं रहने का हवाला देकर दिनांक 5 अगस्त, 2019 को पहले के आदेश को निरस्त कर दिया गया, यदि हाँ, तो सरकार विद्यालयों में संवेदक द्वारा आपूर्ति किये गये जीम सेट के विपत्र का भुगतान कराने एवं इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1153. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी अनुमण्डलीय अस्पताल का पुराना भवन जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन जर्जर रहने के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है एवं मरीजों के उपचार में कठिनाई उत्पन्न होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के पुराना जर्जर भवन के स्थान पर नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा देना

*1154. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के भगवानपुर प्रखंड के पंचायत हरिवंशपुर बांधु के ग्राम-हरिवंशपुर में वर्ष 2019 में चमकी बुखार से लगभग 1 दर्जन दलित बच्चे की मौत हुयी थी; परंतु अभीतक मृतक बच्चे के परिवारों को मिलने वाली सुविधाएँ नहीं दी गयी हैं जिसके कारण परिवार के लोग झोपड़ी में जीवन बसर करने को मजबूर हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में चमकी बुखार से मरे बच्चे के परिवारों को मिलने वाली सुविधा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा देना

*1155. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के डोभी थानान्तर्गत प्रमोद कुमार, पिता-सुरेश मंडल, ग्राम-मुंगेश्वरपुर, पो०-डोभी की मृत्यु दिनांक 13 मई, 2019 को सड़क दुर्घटना में जी०टी० रोड पथलकट्टी के पास हो गयी थी, जिसका थाना काण्ड सं० 220/19 शेरघाटी थाना में दर्ज है, परंतु मृतक के आश्रितों को कबतक मुआवजा की राशि नहीं मिली है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1156. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखण्ड में स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, गराही का भवन विगत 5 वर्षों से जर्जर होने के कारण रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रतिनियुक्ति करना

*1157. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड के राजापाकड़ पंचायत के रतनपुर ग्राम में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी डॉक्टर, नर्स, कर्मचारी नहीं हैं तथा स्वास्थ्य केन्द्र का भवन भी काफी जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर, नर्स की प्रतिनियुक्ति कराते हुये भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उत्क्रमित करना

*1158. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रा० स्वा० केन्द्र के 13 कि०मी० की परिधि में कोई दूसरा चिकित्सा केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चिकित्सा केन्द्र में शय्या के अभाव के कारण मरीजों को फर्श पर लेटकर इलाज कराना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को 30 शय्या वाले स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1159. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--दिनांक 10 फरवरी, 2020 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक "मुख्यमंत्री आवास के पास युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अभिजीत ने 9 फरवरी, 2020 को दोपहर में मुख्यमंत्री आवास के सामने सरकार से न्याय नहीं मिलने के कारण निराश होकर आत्मदाह का प्रयास किया ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 16 अक्टूबर, 2019 को पी०एम०सी०एच० के डॉक्टरों की लापरवाही के कारण डेंगू से वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर के जहुआ निवासी अभिजीत की मौसी अर्चना की

मौत हो गयी थी, जिसके खिलाफ अभिजीत ने पीरबहोर थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी थी लेकिन उसे न्याय नहीं मिला ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार दोषी चिकित्सकों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भूमि उपलब्ध कराना

*1160. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा अंचल के मौजा-मोहम्मदपुर फत्ता में वर्ष 1989-90 में गंगा कटाव से मूल रूप से विस्थापित कुल 49 परिवारों को पुनर्वासित करने के उद्देश्य से मौजा-अकबरपुर फत्ता, थाना नं० 43 में रकबा 2.30 एकड़ भूमि अर्जन करने हेतु विभाग द्वारा जिला पदाधिकारी, बेगूसराय को 95,61,934 (पंचानवे लाख इकसठ हजार नौ सौ चौंतिस) रुपये का आवंटन उपलब्ध कराया गया था, परन्तु कटावपीड़ित परिवारों को आजतक वास भूमि उपलब्ध नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अंचल में वर्ष 1989-90 में गंगा कटाव के विस्थापित परिवारों को वास भूमि उपलब्ध कराने एवं विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1161. श्री राम विचार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज प्रखंड के ग्राम-रामपुर, बिखनपुरा में 63 के० भी० ए० का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के तीन सौ से अधिक उपभोक्ताओं का विद्युत् भार इसी ट्रांसफॉर्मर पर है जिसके कारण बार-बार विद्युत् आपूर्ति बाधित होती रहती है और ट्रांसफॉर्मर जलने का खतरा बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में एक अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1162. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखण्ड अन्तर्गत गराही पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत है, जिसका भवन जर्जर स्थिति में है, जबकि वहाँ सरकारी भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1163. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखण्ड के अपसद गाँव में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र 1993 ई० से संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्र किराये के निजी मकान में चल रहा है जबकि स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु सिविल सर्जन, नवादा द्वारा जमीन का विवरण सरकार को भेजा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

पटना :

दिनांक 6 मार्च, 2020 (ई०)।

बि०स०मु० 163 (एल०ए०), 2019-20 डी०टी०पी०—550